दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
परीक्षा हेतु अभ्यासकार्य पत्र
सत्र 2019–2020

विषय : हिंदी — कक्षा : सातवीं

प्र01. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

हर स्वतंत्रता दिवस पर मेरे दादा जी हमारे घर की छत पर तिरंगा फहराया करते थे और हम राष्ट्रीय गीत गाया करते थे। सन् 2000 में 15 अगस्त के दिन मैंने यह तय किया कि अपनी तीन साल की बेटी को स्वदेश भक्ति के बारे में सचेत किया जाए।

हमने तिरंगा खरीदने का निश्चय किया। कागज़ के बने छोटे–छोटे तिरंगे झंडे उस समय भी बेचे जाते थे लेकिन मैं कपड़े का बुना हुआ झंडा अपने घर में फहराना चाहता था। कैंप की एक भी दुकान में मुझे कपड़ का बुना हुआ तिरंगा नहीं मिला। एक बुजुर्ग ने बताया कि कपड़े का बुना हुआ तिरंगा झंडा सिर्फ स्कूल, कॉलेज और सरकारी दफ्तरों में ही लहराया जाता है। व्यक्तिगत स्थानों– जैसे घरों में झंडा फहराना कानून के खिलाफ़ था। मुंबई में भी मैंने कभी किसी घर में तिरंगे को लहराते नहीं देख था। मेरे दादा जी ने इन कानूनों और अपने उसूलों को तोड़ना कभी सही नहीं समझा लेकिन हमें हमेशा इस बात को लेकर प्रोत्साहित ज़रूर करते रहते थे। मैंने भी अपने दादा जी की तरह इस बात को लेकर कभी पहल नहीं की।

क) भारत का स्वतंत्रता दिवस कब आता है?
ख) स्वतंत्रता दिवस के दिन दादाजी क्या करते थे?
ग) लेखक ने क्या निश्चय किया?
घ) कपड़े का झंडा कहाँ लहराया जाता था?
ङ) मुंबई में लोग घरों में तिरंगा क्यों नहीं फहराते थे?

प्र02. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

फटेहाल है क्यों मज़दूर।
सेठ पड़ा मस्ती में चूर।
वो सोने की भस्म फाँकता।
वो फाकों को है मज़बूर।

दिन–दिन भर वो हाड़ तुड़वाए।
फिर भी पेट को भर न पाए।
बच्चों को किस तरह पढ़ाए।
सुविधाओं से कोसों दूर।।

क) मज़दूर फटेहाल क्यों है?
ख) कौन सोने की भस्म फाँकता है?
ग) कौन मस्त है और कौन खाने को भी मज़बूर है?
घ) दिन–भर परिश्रम करने के बाद भी मज़दूर बेचारा क्यों है?
ङ) इस कविता का शीर्षक दीजिए।

प्र03. लघु प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

क) दादी माँ ने धन्नों से सूद समेत रुपयों की माँग क्यों की?
ख) पक्षी सपने में क्या देख रहे हैं?
ग) लेखक नागार्जुन ने नदियों को किन–किन रूपों में देखा है?

प्र04. दीर्घ प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

क) सिंधु और ब्रह्मपुत्र की क्या विशेषताएँ बताई गई हैं?
ख) पक्षी मनुष्य से क्या अनुरोध कर रहे हैं? और क्यों?

ग) दादी की कौन–सी आदत आपको सबसे अच्छी लगी और क्यों?
घ) पक्षी मर जाने की बात क्यों कर रहे हैं?
ङ) नदियों को लोकमाता क्यों कहा गया है?

प्र05. आशय स्पष्ट कीजिए :–
क) "या तो क्षितिज मिलन बन जाता,
या तनती साँसों की डोरी।"
ख) "पुराने लोग आगा पीछा सब सोच लेते थे, बेटा।"
ग) "कनक–तीलियों से टकराकर
पुलकित पंख टूट जाएँगे।"

प्र06. दिए गए प्रश्न का उत्तर 50–60 शब्दों में कीजिए :–
• पशु–पक्षी को पिंजरे में कैद करना उचित है या नहीं। अपने विचार दीजिए।

प्र07. दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए :–
क) अतुल ख) संभ्रांत ग) पुलकित घ) धूमिल
ङ) निबौरी

प्र08. दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–
क) द्रौपदी के भाई का क्या नाम था?
ख) भीष्म से बदला लेने का निश्चय किसने किया?
ग) पांडवों में शारीरिक दृष्टि से बलि कौन थे?
घ) गंगा से पुत्र रत्नों की प्राप्ति किसको हुई?

प्र09. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :–
क) पवित्र, किरण, धन, आम (दो–दो पर्याय शब्द लिखिए।)
ख) उपयुक्त, आयात, आदि, आकर्षण (विलोम शब्द लिखिए)
ग) तनु–तनू, कृपण–कृपण, इतर–इत्र, अनु–अणु (भिन्न अर्थ लिखिए)
घ) साँच को आँच नहीं, ऊँट के मुँह में जीरा, (मुहावरों के वाक्य बनाइए)
एक पंथ दो काज, एक पंथ दो काज
ङ) आर्शीवाद, चांदनी, परिक्षा, ग्रहस्थी (शुद्ध वर्तनी लिखिए)
च) त्रिकोण, स्तंभ, कृपालु, अंततः (वर्ण–विच्छेद कीजिए)
छ) सच्चाई, संयुक्त, स्वाद, अन्न (द्वित्व व्यंजन तथा संयुक्ताक्षर छाँटिए)
ज) जिसका कोई शत्रु न हो, जो सब कुछ जानता हो,
ऊपर कहा गया, जो देखने में अच्छा लगे। (एक शब्द में उत्तर दें)

प्र010. अति लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–
क) व्यंजन के कितने भेद होते हैं?
ख) ऊष्म व्यंजन संख्या में कितने हैं?
ग) वर्णमाला का शब्दिक अर्थ क्या है?
घ) अगत ध्वनि कौन–कौन सी हैं?
ङ) 'ड़' तथा 'ढ़' व्यंजन से दो–दो शब्द बनाइए।

प्र011. दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

क) वर्ण किसे कहते हैं?

ख) स्वर के भेदों के नाम बताइए।

ग) वर्ण–संयोग किसे कहते हैं?

घ) वर्ण–मेल किसे कहते हैं?

ङ) संयुक्त व्यंजन और द्वित्व व्यंजन में अंतर स्पष्ट कीजिए।

प्र012. दिए गए विषय पर 80–90 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए :–

क) "बढ़ता प्रदूषण"

संकेत बिंदु :–

- प्रदूषण का कारण
- प्रदूषण के प्रकार
- प्रदूषण का बुरा प्रभाव